संख्या-39/2023/326ई/23-11-2023/001-320ई/2023

प्रेषक,

राज कुमार,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-11 **लखनऊ : दिनांक 16 फरवरी, 2023**

विषय:- वित्तीय वर्ष 2022-23 में राज्य/प्रमुख/अन्य जिला मार्गो के चौड़ीकरण/सुदृढीकरण के चालू कार्यो के सापेक्ष धनावंटन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्र संख्या-3128/CE-HQ1/RY(MDOD)/AGR/2022-23, दिनांक 14-02-2023, पत्र संख्या-3129/CE-HQ1/RY (MDOD)/LKO/2022-23, दिनांक 14-02-2023, पत्र संख्या-3130/CE-HQ1/RY(MDOD)/ GKP/ 2022-23, दिनांक 14-02-2023, पत्र संख्या-3131/CE-HQ1/RY(MDOD)/JHA/2022-23, दिनांक 14-02-2023, पत्र संख्या-3132/CE-HQ1/RY(MDOD)/VNS/2022-23, दिनांक 14-02-2023, पत्र संख्या-3133/CE-HQ1/RY(MDOD)/GON/2022-23, दिनांक 14-02-2023 एवं पत्र संख्या-3134/CE-HQ1/RY(MDOD)/SAH/2022-23, दिनांक 14-02-2023 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्य/प्रमुख, अन्य जिला मार्गो के चौडीकरण एवं सुदृढीकरण योजनान्तर्गत स्वीकृत 13 चालू कार्यो पर अधोलिखित विवरण के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल रू0 6145.45 लाख (रू0 इकसठ करोड़ पैतालिस लाख पैतालिस हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित शर्तो के अधीन अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(धनराशि रूपये लाख में)

क्र0 सं0	जनपद/ खण्ड का नाम	कार्य का नाम	स्वीकृत/ प्रावैधिक/ बचत उपरान्त की लागत	अब तक आवंटन	अवमुक्त धनराशि		
					अनु0 सं0-58	अनु0 सं0-83	योग
1	2	3	4	5	6	7	8
1	नि0ख0-1 मथुरा	जनपद मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे से वृन्दावन (पागल बाबा मन्दिर) तक (अन्य जिल मार्ग) 04 लेन मार्ग का निर्माण (लम्बाई 7.278 कि0मी0) एवं मार्ग निर्माण के संरेखण में आ रही यमुना नदी पर 02 लेन सेतु के निर्माण का कार्य।	25155.03/24336.63	3500.00	**2206.12**	**593.88**	**2800.00**
2	प्रा0ख0 आगरा	जनपद आगरा में अवन्तीबाई चौराहे से रौहता नहर तक (आगरा-ग्वालियर मार्ग का शहरी भाग) मार्ग का छः लेन चौड़ीकरण एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य (लम्बाई 6.50 कि0मी0)।	3202.07	1295.79	**630.73**	**169.79**	**800.52**
3	नि0ख0 मैनपुरी	जनपद मैनपुरी में मैनपुरी-ओछा रोड से देवी रोड तक (मैनपुरी-ज्योति अन्य जिला मार्ग कि0मी0 1 एवं देवी रोड बाईपास अन्य जिला मार्ग) मार्ग का चार लेन तक चौड़ीकरण एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य।	3569.08/1612.82	1563.82	**38.61**	**10.39**	**49.00**
4	नि0ख0-2 हरदोई	जनपद हरदोई में म्योढ़ा-भदार-कुसुमखोर मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के चैनेज 0.000 से 20.350 तक चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (लम्बाई 20.35 कि0मी0)।	5783.40/4572.52	2667.51	**393.95**	**106.05**	**500.00**
5	नि0ख0-2 हरदोई	जनपद हरदोई में चौधरियापुर-नेकपुर-नेवादा मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के चैनेज 0.000 से 10.000 तक चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (लम्बाई 10.00 कि0मी0)।	1860.64/1682.79	885.70	**331.47**	**89.23**	**420.70**
6	नि0ख0 महराजगंज	जनपद महराजगंज में बृजमनगंज धानी मार्ग	3179.04/3170.02	3019.23	**118.81**	**31.98**	**150.79**

		(अ0जि0मा0) का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (लम्बाई 10.00 कि0मी0)।					
7	प्रा0ख0 देवरिया	जनपद देवरिया में निर्माणाधीन मेडिकल कालेज के सम्पर्क मार्ग (अ0जि0मा0) के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (लम्बाई 1.55 कि0मी0)।	388.05/367.83	282.90	**39.40**	**10.60**	**50.00**
8	नि0ख0-3 झांसी	जनपद झांसी में मोठ बघैरा टहरौली मार्ग (अ0जि0मा0) के कि0मी0 01 से 27 (800) कि0मी0 तक चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (लम्बाई 26.80 कि0मी0)।	5570.64/5569.64	1400.00	**393.95**	**106.05**	**500.00**
9	नि0ख0-3 गाजीपुर	जनपद गाजीपुर में मुहम्मदाबाद परसा बाराचवर ब्लाक तक मार्ग (अ0जि0मा0) का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (लम्बाई 15.00 कि0मी0)।	1772.66/1666.24	1582.93	**65.64**	**17.67**	**83.31**
10	नि0ख0-3 गाजीपुर	जनपद गाजीपुर में कोटवा नारायणपुर लठ्ठूडीह दुबिहां हरदासपुर मार्ग (अ0जि0मा0) के कि0मी0 18(600) से 27(400) में चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (लम्बाई 9.00 कि0मी0)।	1760.95/1658.31	1575.39	**65.33**	**17.59**	**82.92**
11	प्रा0ख0 गोण्डा	जनपद गोण्डा में महराजगंज गोकरन शिवाला मार्ग (अ0जि0मा0) (लम्बाई 8.60 कि0मी0) का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य।	2172.17/2171.77	2063.56	**85.26**	**22.95**	**108.21**
12	प्रा0ख0 मुजफ्फर नगर	जनपद मुजफ्फरनगर में मुजफ्फरनगर जौली बेहड़ा सादात (अन्य जिला मार्ग) के कि0मी0 11.00 से कि0मी0 23.00 तक मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (लम्बाई 13.00 कि0मी0)।	2735.71/2214.52	1213.93	**236.37**	**63.63**	**300.00**
13	प्रा0ख0 शामली	जनपद शामली में पी0के0 मार्ग से मेरठ करनाल मार्ग तक रजवाहे की पटरी (अन्य जिला मार्ग) का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (लम्बाई 14.800 कि0मी0)।	1781.08/1525.48	1225.48	**236.37**	**63.63**	**300.00**
		योग:-			**4842.01**	**1303.44**	**6145.45**

नियम व शर्ते/प्रतिबन्धों

(1) प्रश्नगत चालू कार्यो हेतु आवंटित धनराशि का व्यय/उपयोग वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियमों, स्थाई आदेशों आदि का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा।

(2) प्रश्नगत कार्यो हेतु आवंटित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र/कार्यो के सपंरिक्षित लेखा निर्धारित समयावधि में कार्यालय महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज एवं शासन को उपलब्ध करा दिया जाय।

(3) अवमुक्त की जा रही धनराशि के व्यय से पूर्व उपरोक्त परियोजनाओं के सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक मूल शासनादेश की समस्त शर्तो का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(4) लोक निर्माण विभाग में सी0सी0एल0 प्रणाली समाप्त किए जाने के फलस्वरूप वर्क्स से सम्बन्धित बजट के ऑन लाइन आवंटन किए जाने हेतु डी0डी0ओ0 कोड आवंटन विषयक वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04-05-2022 तथा कार्यमदों के व्यय को सी0सी0एल0 प्रणाली से मुक्त रखते हुए सामान्य कोषागार प्रणाली से आच्छादित किए जाने के सम्बन्ध में वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2022/ए-2-76/दस-2022-10(9)/95, दिनांक 13-04-2022 में निहित व्यवस्था/शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) अवमुक्त की जा रही धनराशि का व्यय वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक-07-जून 2022 एवं कार्यालय ज्ञाप संख्या- 23/2022/बी-1-749/दस-2022-231/2022, दिनांक 04-11-2022 में निहित शर्तो का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।

shasanadesh

2- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय (1) रूपये 48,42,01,000(रूपये अड़तालिस करोड़ बयालिस हजार एक हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 058 लेखाशीर्षक 5054043371323 राज्य/प्रमुख/अन्य जिला मार्गो के चालू कार्यो हेतु व्यवस्था (राज्य सेक्टर) मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य (2) रूपये 13,03,44,000(रूपये तेरह करोड़ तीन लाख चौव्वालिस हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 083 लेखा शीर्षक 5054047891300 राज्य/प्रमुख/अन्य जिला मार्गो के कार्यो हेतु मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक-07-जून 2022 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(राज कुमार)
अनु सचिव।

<u>संख्या-39/2023/326ई(1)/23-11-2023/001-320ई/2023, तद्दिनांक</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
5- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
6- मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
7- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
8- सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
9- सम्बन्धित वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी।
10- सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
11- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनु0-8/वित्त (आय-व्ययक) अनु0-1, उ0प्र0 शासन।
12- राज्य योजना आयोग-1/2, उ0प्र0 शासन।
13- अधीक्षण अभियन्ता, नियोजन/परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
14- लोक निर्माण अनुभाग-1/9/10/12 एवं 14, उ0प्र0 शासन।
15- नोडल अधिकारी (आनलाईन बजट एलॉटमेन्ट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
16- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राज कुमार)
अनु सचिव।

shasanadesh.up.gov.in